दैनिक भास्कर

2026-03-01
समस्तीपुर भास्कर (2)

आरएनएआर कालेज में वसंतोत्सव का आयोजन, फूलों से खेली गई होली

समस्तीपुर | रामनिरक्षण आत्मा राम महाविद्यालय में शनिवार को स्नातकोत्तर हिंदी विभाग के तत्वावधान में वसंतोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। अध्यक्षता करते हुए प्रधानाचार्य प्रो. दिलीप कुमार ने बसंत को विज्ञान से जोड़ते हुए कहा कि जैसे बसंत मन को प्रफुल्लित करता है, वैसे ही विज्ञान सोच को शोध की दिशा देता है।उन्होंने पारंपरिक होलिका दहन की चर्चा करते हुए महिला सम्मान पर बल दिया और 'संवत' की अवधारणा को सर्वसम्मति के प्रतीक के रूप में समझाया। नई पहल के तहत रंगों के बजाय फूलों की पंखुड़ियों से होली मनाई गई, जिसका सभी ने स्वागत किया।मंच संचालन डॉ. वीरेंद्र कुमार दत्ता ने किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. राजीव रोशन ने दिया।

सच्ची बात, बेधड़क
दैनिक भास्कर